दिन– गुरुवार दिनांक– 05 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार दो चरणों में कराएगी जाति गणना के साथ जनगणना दो हजार सत्ताईस। पहले चरण की अधिसूचना सोलह जून को जारी हो सकती है।

02. राज्य के निबंधित कारखानों में अब महिला कामगार सुबह पांच बजे से रात दस बजे तक काम कर सकेंगी।

03. आज विश्व पर्यावरण दिवस है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आम लोगों से अपने परिसर और आस–पास पौधा लगाने की अपील की।

04. और, मौसम विभाग ने आज किशनगंज, अररिया, पूर्णियां और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने जनगणना दो हजार सत्ताईस को दो चरणों में कराने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही जाति गणना भी की जाएगी। जनगणना के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च, दो हजार सत्ताईस होगी। गृह मंत्रालय ने कहा कि लद्दाख और जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के बर्फीले क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि एक अक्टूबर, दो हजार छब्बीस होगी। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

जनगणना से संबंधित अधिसूचना इस महीने की 16 तारीख को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित होने की संभावना है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही जनगणना की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इससे पहले ये जनगणना 2021 में दो चरणों में आयोजित होनी थी, लेकिन देशभर में कोविड महामारी के प्रकोप के कारण जनगणना का काम स्थगित करना पड़ा था। भारतीय जनगणना की यह प्रक्रिया दुनिया की सबसे बड़ी प्रशासनिक और सांख्यिकीय प्रक्रिया में से एक है। इस जनगणना के जरिए देश की आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक स्थिति का बेहतर जानकारी सामने आएगी। इस जानकारी के आधार पर सरकार को लोगों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए बेहतर नीति बनाने में मदद मिलेगी। सुपर्णा सैकिया के साथ, आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————————

राज्य के निबंधित कारखानों में अब महिला कामगार सुबह पांच बजे से रात दस बजे तक काम कर सकेंगी। हालांकि रात दस बजे तक काम करने के लिए महिला की लिखित सहमति लेना अनिवार्य होगा। श्रम संसाधन विभाग ने इस संबंध में जारी अधिसूचना में कहा है कि नियोजित महिला कामगारों को लोकहित में यह छूट दी गयी है। हालांकि यह प्रावधान बाध्यकारी नहीं होगा। जो महिलाएं रात दस बजे तक काम करेंगी, उन्हें कारखाना लाने और ले जाने के लिए कारखाना प्रबंधन को परिवहन की सुविधा उपलब्ध करानी होगी।

————————————————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत बिहार में अड़तालीस लाख पंचानवे हजार आवास बांटे गये हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार सोलह–सत्रह से दो हजार पच्चीस–छब्बीस तक के लिए इन आवासों की स्वीकृति दी गयी। ग्रामीण विकास मंत्री ने बताया कि अब नये सिरे से सर्वे कराये गये हैं। इसके तहत योग्य लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण का लाभ मिलेगा। अब तक सैंतीस लाख घर बनकर तैयार हैं। इनमें उनचालीस लाख लाभुकों को तीसरी किस्त की राशि दी गयी है।

————————————————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने कहा है जमीन से जुड़ी समस्याओं का निपटारा अब पंचायतों में ही होगा। विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि राजस्व कर्मियों को अनिवार्य रूप से पंचायत सरकार भवन में ही रहना होगा। उन्होंने कहा कि अगर पंचायत सरकार भवन नहीं है तो जहां भी पंचायत कार्यालय चल रहा है, कर्मियों को वहीं अपना कार्यालय रखना होगा। कर्मचारी संघ और सरकार से वार्ता के बाद राजस्व विभाग ने पत्र जारी कर यह निर्देश दिये हैं।

————————————————————————————————

मुजफ्फरपुर दुष्कर्म पीड़िता की मौत के बाद राज्य सरकार की ओर से उसके परिवार को आर्थिक सहायता दी जा रही है। उमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि मृतका के परिवार को पहली किस्त के रूप में चार लाख बारह हजार छह सौ पचास रूपये की राशि खाते में भेजी गयी है। इसके अलावा मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन की ओर से परिवार को प्रति माह सात हजार सात सौ पचास रूपये की पेंशन की स्वीकृति दी गयी है।

————————————————————————————————

चुनाव आयोग मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चला रहा है। इसके अन्तर्गत बूथ लेवल अधिकारी, बीएलओ घर–घर जाकर सत्रह वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करायेंगे। आयोग के निर्देश पर योग्य युवाओं से फॉर्म छह भरवाया जायेगा। गौरतलब है कि बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के निर्देश पर बारह सौ वोटरों पर एक बूथ का गठन होना है। इधर, प्रदेश के छह नगर निकायों पटना, बोधगया, पूर्वी चम्पारण, रोहतास, बक्सर और बांका में उपचुनाव के लिए आज नामांकन का अंतिम दिन है। इन निकायों में अट्ठाईस जून को मतदान होगा जबकि मतगणना तीस जून को होगी।

————————————————————————————————

देशभर के तीस हज़ार से ज़्यादा संगठनों ने इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर होने वाले मुख्य कार्यक्रम योग संगम–दो हजार पच्चीस में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है। इस वर्ष योग दिवस की थीम– एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है। ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लद्दाख की शांत चोटियों से लेकर केरल के जीवंत समुद्र तटों, स्कूल के मैदानों से लेकर कॉर्पोरेट परिसरों और ऐतिहासिक मंदिर प्रांगणों, व्यस्त रेलवे स्टेशनों तक विविध स्थानों पर योग सत्र आयोजित किए जाएंगे।

————————————————————————

भारतीय रेलवे ने अनाधिकृत बुकिंग के लिए ढाई करोड़ संदिग्ध उपयोगकर्ता आईडी को निष्क्रिय कर दिया है। रेल मंत्रालय ने कहा है कि नई आधुनिक तकनीक के माध्यम से एजेंटों के अनाधिकृत स्वचालित बुकिंग पर बहुत हद तक अंकुश लगाया है।

इधर, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि तत्काल टिकट बुक करने के लिए शीघ्र ही ई–आधार प्रमाणीकरण का उपयोग करना शुरू किया जाएगा। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री वैष्णव ने कहा कि इससे वास्तविक उपयोगकर्ताओं को ज़रूरत के समय कन्फ़र्म टिकट लेने में सहायता मिलेगी।

————————————————————————

भारत में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम शिक्षा और खेल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं– जो भारत की अमृत पीढी – युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने की कुंजी है।

———वी/सी – विष्णु———

————————————————————————

मौसम विभाग ने आज किशनगंज, अररिया, पूर्णियां और कटिहार में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलने की सम्भावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के अनुसार औरगांबाद, कैमूर, गया और नवादा में मेघगर्जन के साथ वज्रपात की भी आशंका है।

———बाईट———

मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार दिन तक प्रदेश के तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है।

————————————————————————

प्रदेश में बाढ़ सुरक्षा और तटवर्ती क्षेत्रों की रक्षा के लिए बूगेसराय और पटना जिला के लिए एक सौ सोलह करोड़ रूपये की परियोजनाओं की मंजूरी दी गयी है।

जल संसाधन विभाग ने इन दोनों जिलों के लिए प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है।

—————————————————————————

प्रदेश में कोविड के मामलों में बढोतरी देखी जा रही है। पटना में पिछले चौबीस घंटों के दौरान तीन कोरोना संक्रमितों की पुष्टि हुई है। पटना के सिविल सर्जन डॉक्टर अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि जिले में अभी तक बाईस सक्रिय मरीज है।

—————————————————————————

राज्य के सभी बीएड महाविद्यालयों में नये शैक्षणिक सत्र से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अनुशंसाओं को लागू करना अनिवार्य कर दिया गया है। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने इस संबंध में राज्य सरकार को पत्र निर्गत किया है। पत्र में कहा गया है कि नये प्रावधानों के तहत शिक्षक–शिक्षा संस्थानों का प्रदर्शन आधारित मूल्याकंन भी अनिवार्य होगा।

—————————————————————————

विश्व पर्यावरण दिवस आज मनाया जा रहा है। प्रकृति और पृथ्वी के संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का विषय है –प्लास्टिक प्रदूषण को परास्त करना। इस अवसर पर देश और प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत नई दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में विशेष पौधरोपण अभियान का नेतृत्व करेंगे। इधर, राजधानी पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी पौधा रोपण करेंगे। मुख्यमंत्री ने सभी आम जनों से अपने परिसर और आस–पास पौधा लगाकर स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में योगदान की अपील की है।

—————————————————————————

आज गंगा दशहरा है। मान्यता है कि आज ही के दिन गंगा नदी का धरती पर अवतरण हुआ था। इस दिन स्नान और दान का विशेष महत्व माना गया है। इस अवसर पर सुबह से श्रद्धालु पटना सहित राज्य के विभिन्न गंगा घटों पर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए घाटों पर विशेष प्रबंध किये गये है। इधर, पटना जिला प्रशासन ने सुरक्षा को देखते हुये आज और कल गंगा नदी में नावों के परिचालन पर प्रतिबद्ध लगाया है।

गंगा दशहरा के पावन अवसर पर अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के प्रथम तल पर आज राजा राम और अन्य देवीदेवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

—————————————————————————

आज संपूर्ण क्रांति दिवस है। आज ही के दिन महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी लोक नायक जयप्रकाश नारायण ने संपूर्ण क्रांति का नारा दिया था। इस अवसर पर राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पटना के जे.पी. गोलम्बर पर आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जे.पी. की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे।

—————————————————————————

फ्रेंच बॉक्सिंग विश्व कप में भाग लेने वाली भारतीय टीम में बिहार के तीन खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

—————————————————————————

और अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

निगरानी की टीम ने कैमूर जिले के भगवानपुर थाने में पदस्थापित दो दारोगा को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दारोगा राशिद कमाल और लक्की आनंद हैं।

—————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– केन्द्र सरकार का एलान देशभर में सोलहवीं जनगणना का काम मार्च दो हजार सत्ताईस तक पूरा कर लिया जायेगा। अखबार लिखता है– जनगणना–जातीय गणना साथ होगी।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– बेंगलुरू में आरसीबी की जीत के जश्न के बीच भगदड़, ग्यारह लोगों की मौत।

—————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्र सरकार दो चरणों में कराएगी जाति गणना के साथ जनगणना दो हजार सत्ताईस। पहले चरण की अधिसूचना सोलह जून को जारी हो सकती है।

02. राज्य के निबंधित कारखानों में अब महिला कामगार सुबह पांच बजे से रात दस बजे तक काम कर सकेंगी।

03. आज विश्व पर्यावरण दिवस है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आम लोगों से अपने परिसर और आस–पास पौधा लगाने की अपील की।

04. और, मौसम विभाग ने आज किशनगंज, अररिया, पूर्णियां और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

—————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।